(ख) दिसम्बर, 1978 के अन्त तक अधीनस्थ न्यायालयों, लघुवाद न्यायालयों और सेशन न्यायालयों में लम्बित मामलो के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध नहीं है। महा-नगर मजिस्ट्रेटों के न्यायालयां में लम्बित मामलों के सम्बन्ध में जानकारी भी अलग से उपलब्ध नहीं है। तथापि, 31–12–1977 और 30–6–1978 को मजिस्ट्रेटों के न्यायालयों, वरिष्ठ न्यायाधीशों/अधीनस्थ न्यायाधीशों के न्यायालयों, मुन्सिफों के न्यायालयों और लघुवाद न्यायालयों में लम्बित मामलों के ब्यौरे सभा पटल पर रखे गये विवरण-1 में दिए गए हैं। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल टी—4189/79]

31–12–1977 और 30–6–1978 को सेशन न्यायालयों में लम्बित मामलो के ब्यौरे सभा पटल पर रखे गये विवरण-2 में दिए गए हैं। [ग्रन्थालय मे रखा गया। देखिए संख्या एल टी—4189/79]

31–12–1977 और 31–12–1978 को उच्च न्यायालयों की बाबत अपेक्षित जानकारी सभा पटल पर रखे गये विवरण–3 में दी गई है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी०—4189/79]

(ग) कुछ सुझावों पर, जो प्राप्त हुए थे, भारत के मुख्य न्यायाधिपति की प्रतिक्रिया मांगी गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधिपति ने उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधिपतियों से परामर्श किया और उच्च न्यायालयों के विचारों को जानने के बाद अपने सहयोगी न्यायाधीशों की और अपनी प्रतिक्रिया सरकार को भेजी है। उच्च न्यायालयों में बकाया मामलो की बाबत भारत के मुख्य न्यायाधिपति और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की मुख्य सिफारिशों का सारांश सभा पटल पर रखे गये विवरण-4 में [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल टी—4189/79) विचारण न्यायालयों में बकाया मामलों की बाबत उनकी मुख्य सिफारिशों का सारांश सभा पटल पर रखे गये विवरण–5 में देखा जा सकता है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल टी—4189/79]

छठी योजना में खोले जाने वाले दूरदर्शन केन्द्र तथा रिले पारेषण केन्द्र

4833. **श्री विनायक प्रसाद यादव :**
श्री गंगा भक्त सिंह :
श्री सुभाष चन्द्र बोस अल्लूरी :
श्री धर्म सिंह भाई पटेल :

क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) छठी योजना अवधि के दौरान, वर्षवार, देश में कुल कितने दूरदर्शन केन्द्र तथा रिले पारेषण केन्द्र खोले जायेंगे और वे कहां-कहां खोले जायेंगे ।

(ख) योजना अवधि के दौरान आकाशवाणी के कितने नये केन्द्र खोले जायेंगे और वे कहां-कहां खोले जायेंगे; और

(ग) राज्यों की किन-किन राजधानियों में इस समय दूरदर्शन केन्द्र नही हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) और (ख). छठी योजना अवधि के दौरान दूरदर्शन केन्द्रों/रिले केन्द्रों और रेडियो स्टेशनों की स्थापना के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव है :—

दूरदर्शन

पूर्णरूपेण दूरदर्शन केन्द्र

1. अहमदाबाद (गुजरात)
2. बंगलौर (कर्नाटक)
3. त्रिवेन्द्रम (केरल)

दूरदर्शन रिले केन्द्र

1. आसनसोल (पश्चिम बंगाल)
2. अजमेर (राजस्थान)
3. कटक (उड़ीसा)
4. जम्मू (जम्मू और काश्मीर)
5. कसौली (हिमाचल प्रदेश)
6. मदुरै (तमिलनाडु)
7. मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल)
8. पणजी (गोवा, दमन और दीव)
9. विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)
10. वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

कार्यक्रम निर्माण केन्द्र

1. गुलबर्ग
2. जयपुर
3. मुजफ्फरपुर
4. रायपुर

टिप्पणी :—जालंधर में एक पूर्ण रूपेण दूरदर्शन केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। 13-4-79 को एक अन्तरिम केन्द्र के चालू हो जाने की सम्भावना है।

आकाशवाणी

1. सूरतगढ़ (राजस्थान)
2. ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश)
3. गंगटोक (सिक्किम)
4. तुरा (मेघालय)
5. आगरा (उत्तर प्रदेश)
6. मदुरै (तमिलनाडु)
7. जमशेदपुर (बिहार)

8-12. कम शक्ति वाले स्थानीय केन्द्र (स्थान का अभी निर्णय करना है)

(ग) 1. अगरतला
2. बंगलौर
3. भुवनेश्वर
4. भोपाल
5. चण्डीगढ़
6. गंगटोक
7. गांधीनगर
8. गोहाटी (दीसपुर)
9. इम्फाल
10. कोहिमा
11. पटना
12. शिमला
13. शिलांग
14. त्रिवेन्द्रम और
15. दिल्ली को छोड़ कर सभी संघ शासित क्षेत्र।

Availability of Tapti Gas to Gujarat

4834. SHRI D. D. DESAI : Will the Minister of PETROLEUM CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether Tapti off-shore gas would be made availabile exclusively to Gujarat; and

(b) if so, whether discussions have been held with the Gujarat Government for the utilisation of this Gas?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI NARSINGH YADAV) :

(a) The question of utilisation of Tapti gas is premature since any decison about the exploitation and transportation of Tapti gas will be possible only after North Tapti and South Tapti structures have been fully appraised and declared commercial.

(b) Does not arise in view of the reply given to (a) above.